भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
वित्तीय सेवाएं विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1522**

जिसका उत्तर सोमवार, 9 फरवरी, 2026/20 माघ, 1947 (शक) को दिया गया

**जमुई में नई बैंक शाखाएं**

1522. श्री अरुण भारती:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान बिहार के जमुई लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के उन ब्लॉकों में नई बैंक शाखाएं खोलने की मंजूरी दी है जहां बैंकिंग सुविधाएं नहीं हैं और यदि हां, तो इनके खोले जाने की ब्लॉकवार स्थिति क्या है और क्या समयसीमा निर्धारित की गई है;

(ख) जनवरी 2026 की स्थिति के अनुसार, जमुई लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में स्थापित डिजिटल बैंकिंग इकाई (डीबीयू) के संबंध में कितनी वास्तविक और वित्तीय प्रगति हुई है;

(ग) विगत तीन वित्तीय वर्षों के दौरान जमुई में वित्तीय साक्षरता जागरुकता कार्यक्रमों के लिए ब्लॉक वार कितनी राशि आवंटित, जारी और उपयोग की गई है;

(घ) क्या ग्रामीण जमुई में एटीएम को विभिन्न स्थानों पर लगाने के संबंध में कमी पाई गई है और यदि हां, तो इसके निवारण हेतु क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है; और

(ड.) क्या राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में जमुई के लिए नई परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

**(क) से (घ):** ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए, सरकार का प्रयास देश के सभी बसे हुए गांवों के 5 किलोमीटर के दायरे में एक बैंकिंग आउटलेट (बैंक शाखा/कारोबार प्रतिनिधि/ इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक) प्रदान करना है। बैंकिंग आउटलेट्स की उपलब्धता की निगरानी भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) आधारित जन धन दर्शक (जेडीडी) ऐप नामक ऐप द्वारा की जाती है।

जेडीडी ऐप के अनुसार, जमुई संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले तीन जिलों अर्थात जमुई, मुंगेर और शेखपुरा सहित बिहार राज्य के सभी बसे हुए गांवों को 5 किमी के दायरे में एक बैंकिंग आउटलेट से कवर किया जाता है। इसके अलावा, दिनांक 31.12.2025 तक बिहार के जमुई संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में बैंकिंग अवसंरचना की स्थिति निम्नानुसार है:-

| **जमुई संसदीय क्षेत्र में बैंकिंग अवसंरचना** | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **जिला** | **शाखा** | **बीसी** | **एटीएम** | **आईपीपीबी** |
| जमुई | 129 | 5,411 | 60 | 178 |
| मुंगेर | 148 | 2,278 | 112 | 121 |
| शेखपुरा | 62 | 1,172 | 29 | 83 |
| बिहार | 8,354 | 2,26,392 | 6,937 | 9,308 |

*स्रोत: जेडीडी ऐप*

बिहार राज्य में 4 डिजिटल बैंकिंग यूनिट (डीबीयू) हैं। हालांकि, जमुई संसदीय क्षेत्र में कोई डीबीयू उपलब्ध नहीं है। बैंक, अन्य बातों के साथ-साथ, भारतीय रिजर्व बैंक के अनुदेशों, अपनी व्यावसायिक योजनाओं और उनकी वाणिज्यिक अर्थक्षमता के आलोक में बैंकिंग आउटलेट्स खोलने के प्रस्तावों पर विचार करते हैं। बैंकिंग आउटलेट खोलने की अर्थक्षमता का और अधिक आकलन करने के लिए बैंक आवश्यकतानुसार सर्वेक्षण करते हैं। बैंकों द्वारा प्राप्त ऐसे प्रस्तावों के आंकड़े केन्द्रीय स्तर पर नहीं रखे जाते हैं।

इसके अलावा, पिछले 03 वित्तीय वर्ष के लिए जमुई जिले में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम के लिए व्यय का ब्यौरा निम्नानुसार है: -

| | | | ***वास्तविक राशि*** |
|---|---|---|---|
| वित्तीय वर्ष | आवंटन राशि | कुल धनराशि<br>(बैंक द्वारा व्यय) | आरबीआई/नाबार्ड द्वारा जारी |
| 2022-23 | 7,59,093 | 7,59,093 | 27,416 |
| 2023-24 | 23,90,667 | 23,90,667 | 41,635 |
| 2024-25 | 38,53,886 | 38,53,886 | 40,878 |

*स्रोत: एसएलबीसी, बिहार*

**(ड.):** जैसाकि नाबार्ड द्वारा सूचित किया गया है, वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि (आरआईडीएफ) के अंतर्गत परियोजनाओं को मंजूरी आरआईडीएफ चरण XXXII के अंतर्गत कॉर्पस को अंतिम रूप देने और भारत सरकार/भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा नाबार्ड को इसके आवंटन के बाद शुरू होगी। इसलिए, आरआईडीएफ के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में जमुई के लिए किसी भी नई परियोजना को मंजूरी नहीं दी गई है।

*****